तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

12 विधायक ने बैटरी ट्राइसाइकिल दिलाने...



12 रिवरडेल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक...





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

## खबर संक्षेप

### गली में घेरा लगाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गली में घेरा लगाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। घटना ग्राम भंवरचुआं की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम छातापठार के जगदीश प्रसाद पिता हेतराम मैत्री (58 साल) 11 जुलाई को अपने मोटर सायकल से खेत जा रहा था। सुबह करीब 06.30 बजे भंवरचुआं के कृपाराम पटेल घर के सामने ओमनाथ पटेल गांव के गली में घेरा लगा रहा था, जब उसने घेरा लगाने के संबंध में पूछा तब ओमनाथ पटेल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके भाई कृपाराम पटेल ने भी गाली गलौज कर मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक निजी अस्पताल के सामने से स्कूटी चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी कृष्णकुमार ने बताया कि वह 09 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी टीवीएस आई क्यूब इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्र सीजी 04 क्यूएन 6897 में अपनी पत्नी मोनिका के साथ अकाल पुरख अस्पताल महासमुंद गया था। चेकअप कराकर वापस आने पर स्कूटी नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मां और बेटे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पुटका में मां और बेटे के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कोमल प्रधान पिता रेशमलाल प्रधान (45 साल) ने बताया कि 11 जून को करीब 10:30 बजे वह अपने खेत में मां शांति प्रधान के साथ बुआई का काम कर रहा था, उसके बड़े भाई निर्मल प्रधान वहां आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आई उसकी मां शांति प्रधान के साथ भी डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# बारिश शुरु होते ही ऋण वितरण में आई तेजी, अब तक 397 करोड़ बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महंगाई, बाजार के ऊंचे ब्याज दर और समय पर पूंजी की कमी से जूझ रहे किसानों के लिए इस खरीफ सीजन में भी सहकारी समितियां किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। खरीफ सीजन के लिए अप्रैल माह से ऋण का वितरण की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन, जुलाई महीने में बारिश की शुरुआत होने के बाद ऋण वितरण में तेजी आई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले के 71 हजार 132 किसानों ने 397 करोड़ रुपए का ऋण लिया है। इस वर्ष जिले में 500 करोड़ अल्पकालीन ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य से 80 प्रतिशत ऋण किसान ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, जिले में धान खरीदी के लिए कुल 182 उपार्जन केंद्र (धान खरीदी केंद्र) हैं। सभी केंद्र जिले की 130 सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित हैं। जहां किसान पहुंचकर नगद ऋण सहित खाद बीज का उठाव जारी है। किसानों को खेती-किसानी, खाद, बीज और रासायनिक दवाओं के लिए समितियों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पिछले वर्ष लगभग 475 करोड़ ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया था, 414 करोड़ ऋण वितरण किया गया था। लक्ष्य से कम ऋण वितरण हुआ था। इस वर्ष भी 500 करोड़ लक्ष्य रखा गया है, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस वर्ष ज्यादा संख्या में किसान ऋण ले रहे हैं। जिले में एक लाख 66 हजार किसान पंजीकृत हैं। प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार किसान ऋण लेते हैं। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। फसल लेने के शुरुआत में किसानों को खाद की जरूरत पड़ती है, समितियों के माध्यम से ऋण मिलता है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अविनाश शर्मा ने बताया कि ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी आई है। लक्ष्य से 80 प्रतिशत ऋण का वितरण कर लिया गया है। सितंबर माह तक किसान ऋण ले सकते हैं।

## जिले के 71132 किसानों ने लिया ऋण, लक्ष्य का 80 प्रतिशत वितरण

- इस वर्ष जिले में 500 करोड़ अल्पकालीन ऋण वितरण का लक्ष्य, 80 फीसदी किसान ले चुके हैं कर्ज




### 30 सितंबर तक ले सकते हैं ऋण

खरीफ सीजन में इस वर्ष 2 लाख 59 हेक्टेयर में फसल ली जाएगी। इसमें 2 लाख 45 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लेने का लक्ष्य है। इसके अलावा दलहन और तिलहन की फसल लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि कार्य के लिए किसानों को पैसों की जरूरत होती है, प्रतिवर्ष किसान बड़ी संख्या में ऋण लेते हैं। ऋण लेने के लिए समिति और जिला सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। हालांकि ऋण वितरण का कार्य 30 सितंबर तक किया जाएगा। किसानों के पास ढाई माह का समय शेष है।

## जायजा : लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया डीजे कोर्ट परिसर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



हाईकोर्ट के चीफ जस्टीस रमेश सिन्हा ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय का औपचारिक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित न्यायालय कक्ष, मालखाना, रिकार्ड रूम, नजारत, ग्रन्थालय, अधिवक्ता कक्ष और डिजीटाईजेशन केंद्र का व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। न्यायालय कक्ष एवं अनुभाग के निरीक्षण के दौरान कार्यो में संतोष जाहिर करते हुए उन्होंने परिसर स्थित साफ-सफाई, गार्डन के रख-रखाव की व्यवस्था की सराहना की।

न्यायालयीन अवलोकन के दौरान उन्होंने उपस्थित न्यायाधीशों को लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए एवं प्रोत्साहित किया। साथ ही कोई लंबित मामले जैसे 10 वर्षो की अवधि से अधिक हो गई हो अथवा वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा आम नागरिकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की और न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी पारदर्शी एवं सुदृढ बनाने के उददेश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा पूर्व में भी राज्य के सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने आगामी 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (चेक बाऊंस) के प्रकरणों की संख्या की जानकारी ली तथा समझौता योग्य मामलों पर पक्षकरों की सहमति से योग्य प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य न्यायाधिपति द्वारा निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता संघ की समस्यों की जानकारी ली गई। न्यायिक व्यवस्था को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने के लिए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पित विवाद समाधान केंद्र एडीआर भवन का भी निरीक्षण किया गया। भवन में स्थापित मध्यस्थता कक्ष, क्रिमिनल प्रकरणों के पैरवी के लिए स्थापित एलएडीसीएस कक्ष, पैरालीगल वालेटिंयर प्रशिक्षण कक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय का भी अवलोकन किया गया। न्यायाधिपति द्वारा कुटुंब न्यायालय महासमुंद का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया प्रधान, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी एवं अन्य न्यायाधीशगण, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व महासमुंद के अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण में उपस्थित थे।

# बाइक से गांजा का अवैध परिवहन, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 64 हजार रुपए से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पदमपुर ओडिशा की ओर से एक मोटर सायकल नीले रंग का ड्रीम योगा क्र सीजी 12 एके 0701 में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सरायपाली की ओर आ रहे हैं। कुछ समय पश्चात उक्त बाइक को रोका गया। जिसमें दो लोग सवार थे। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम संजस जाल पिता तिर्थो जाल (43 वर्ष) चिंदागुडा वार्ड नं 01 थाना सिघेकेला जिला बलागीर ओजिशा हाल निवास कृष्णा नगर वार्ड नंबर 07 थाना दीपका जिला कोरबा और श्रीधर सोना पिता सिघराज सोना (42 वर्ष) सालेमुड़गा वार्ड न 01 थाना सिंघेकेला जिला बलांगीर ओडिशा हाल निवास कृष्णा नगर वार्ड नंबर 07 थाना दीपका जिला कोरबा होना बताए। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 9.690 ग्राम गांजा कीमत 164200 रुपए को बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से बाइक, मोबाइल बरामद किए गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# 190 लीटर महुआ शराब और 1700 किलो लाहन जब्ती के मामले में दो आरोपियों को 1-1 वर्ष का कारावास, 25 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

अवैध महुआ शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार सख्त कार्रवाई का असर अब न्यायालय के फैसलों में भी साफ दिखाई देने लगा है। सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बालसी एवं पलसापाली (थाना बलौदा) के अलग-अलग मामलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वैभव घृतलहरे ने दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 25,000-25,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 1 मार्च 2026 को आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर पलसापाली से छुईपाली मार्ग पर नाकेबंदी कर टीवीएस जूपिटर स्कूटी से अवैध महुआ शराब का परिवहन कर रहे संजय जोल्हे (26 वर्ष) को पकड़ा। तलाशी के दौरान दो बोरियों और स्कूटी की डिक्की से 5-5 लीटर क्षमता के कुल 30 पॉलीथीन पैकेट, यानी 150 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

शराब को मौके पर जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में 21 मई 2026 को आबकारी विभाग को सूचना मिली कि ग्राम बालसी





निवासी सुकचंद रात्रे (60 वर्ष) अपने घर में अवैध महुआ शराब और भारी मात्रा में लाहन का भंडारण कर रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने छापेमारी की, जहां से 40 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 1700 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। पूरी सामग्री जब्त कर आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। शासन की ओर से अभियोजक दीपक चौहान ने प्रभावी पैरवी करते हुए अभियोजन पक्ष का पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों, जब्त सामग्री तथा गवाहों के बयानों का परीक्षण किया गया। सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों मामलों में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक आरोपी को एक-एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 25,000-25,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस फैसले को अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग आबकारी वृत्त सरायपाली के निर्देशन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नेहरू हॉकी स्पर्धा में महासमुंद लगातार 5वीं बार बना विजेता

# संभाग स्तरीय हॉकी स्पर्धा में महासमुंद की जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में रायपुर, धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले की टीम शामिल हुई। इस प्रतियोगिता में महासमुंद की टीम ने गरियाबंद को 3-1 से हराकर विजेता बनी।

इस प्रतियोगिता में शामिल हुई टीम में 17 वर्ष में सागर सेन, सागर चंद्राकर, हर्ष बघेल, देवेश चंद्राकर, टोमेश चंद्राकर, सेवक राम, जय चंद्राकर, खिलेश्वर साहू, अरविंद विश्वकर्मा, देवेंद्र ध्रुव, गणेश्वर, जोहन कोसरे, लिलेश्वर साहू, अनुज यादव, निहाल यादव एवं जीतू ध्रुव शामिल रहे। संभाग विजेता बनने के साथ ही शासकीय उमावि बेमचा के 16 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत संस्था को प्रशिक्षण के लिए प्रदान किए जाने के साथ शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी के माध्यम से नियमित अभ्यास कराया गया। उक्त खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से बेमचा हायर सेकंडरी स्कूल के खेल मैदान में अभ्यास करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर पदक जीतने में सफल हुए हैं। पिछले साल जिले से गणेश सेन एवं डोगेश निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल नेशनल हॉकी चैंपियनशिप रांची झारखंड में भागीदारी करने में सफलता हासिल किया था। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनने एवं राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी जशपुर में चयन होने पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, अध्यक्ष जिला हॉकी संघ राहुल चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य संगीता चंद्राकर, आनंद साहू, डॉ. रश्मि चंद्राकर, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, भोपाल सिंह बंजारा, हिना ढालेन, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, एनआईएस प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, गुमान यादव, राजेश दीवान, दुलामनी रौतिया, प्राचार्य बेमचा एसएल पाटकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति लखनू निर्मलकर, प्रधान पाठक शहनाज बानो खान एवं सम्मत स्टॉफ एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

# गांजा की तस्करी करते 4 आरोपी गिरफ्तार, सप्लायर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व जिले की पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 58 हजार रुपए कीमत का 05.160 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त गांजा को गर्भना ओडिशा से जांजगीर चांपा में पुड़िया बनाकर बेचने के लिए लाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सभी थाना चौकी को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी दरमियान सूचना मिली की एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 बीपी 1670 में 02 व्यक्ति पायलेटिंग और एक स्कूटी क्रमांक डीएल 11 एसवी 2022 में एक व्यक्ति ओडिशा की ओर से गांजा लेकर छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। सूचना से एनएच 53 रोड रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी किया गया, जहां कुछ समय बाद एक मोटर सायकल व एक स्कूटी आई। पूछताछ में मोटरसाइकिल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हरीश राठौर पिता जोतराम राठौर (23 वर्ष) जांजगीर चांपा तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मुरारी सूर्यवंशी पिता स्वर्गीय राम प्यारे सूर्यवंशी (45 वर्ष) जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ तथा स्कूटी में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप सूर्यवंशी पिता रमेश सूर्यवंशी (20 वर्ष) जांजगीर-चांपा का रहने वाला बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्कूटी की सीट के अंदर गांजा होना बताया और उक्त गांजा को गर्भना ओडिशा से चैतन्य पांडा पिता नवीन पांडा (60 वर्ष) पता सेकंड करवाना थाना सुहेला जिला बरगढ़ ओडिशा खरीद कर जांजगीर- चांपा स्वयं के बिक्री हेतु ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5.160 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त, कीमत 2,58,000 रुपए, वाहन, मोबाइल को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के बताए अनुसार गांजा बेचने वाले चैतन्य पांडा पिता नवीन पांडा को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा (20बी) (दो)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर थाना सिंघोड़ा में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेस ने फूंका पीएम और सीएम का पुतला

**रायपुर।** कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के नेताओं ने ईडी कार्यालय के निकट स्थित राजीव गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पुतले का दहन किया। पुलिस प्रशासन तथा कांग्रेस में इस बीच काफी झूमझटकी हुई। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन , प्रमोद दुबे , विकास उपाध्याय , कुलदीप जुनेजा, कन्हैया अग्रवाल, देवेंद्र यादव, नंद कुमार पटेल, शिव सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह, शिव श्याम शुक्ला, सचिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

## कारोबारी पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** अपने घर से गोडाउन जा रहे कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार कर लिया है। कारोबारी की पत्नी ने पुलिस को बताया है कि लड़कों ने उनके पति पर रोड रेज विवाद पर गुरुवार शाम को चाकू से हमला कर हत्या करने की कोशिश की थी। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। रोहणीपुरम निवासी जानवी लालवानी की शिकायत पर पुलिस ने विजय सोनी ऊर्फ ढोलू, लोकेश बघेल ऊर्फ लक्कू, भागवत सोनी ऊर्फ भागो को गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश देवेंद्र नगर के रहने वाले हैं। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को उनके पति पवन कुमार लालवानी घर से गोडाउन जा रहे थे। इसी दौरान लाखे नगर रायपुरा मार्ग पर पहुजा ब्रदर्श के सामने सुंदर नगर में दो मोटर सायकल सवार चार लड़के लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते जा रहे थे। बाइक से जा रहे कारोबारी के साइड नहीं देने पर चारों लड़कों ने उनके साथ गाली-गलौज की।

# स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक प्रकाशचंद्र मांझी, एपीसी (समग्र शिक्षा) सम्पा बोस द्वारा बीईओ टीकमचंद पटेल, बीआरसीसी देवानंद नायक, विकासखंड के समस्त प्राचार्यों, समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों की उपस्थिति में क्रमशः एजेंडावार विस्तृत रुप से समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन द्वारा विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रुप में विकसित करने योजनाबद्ध ढंग से सामुदायिक सहभागिता के साथ अनुकूल रूप से सामूहिक प्रयास करने प्रेरित किया। शिक्षकों को समस्त दायित्वों/ जिम्मेदारियों का समय सीमा में निष्ठापूर्वक कार्य करने का स्पष्ट संदेश दिया। सभी स्तरों पर मॉनिटरिंग तेज करने और प्रशासनिक कसावट लाने मजबूती से कार्य करने की जरूरत पर बल दिया, जिससे जमीनी स्तर पर प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे। ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने प्रयास करने निर्देशित किया।

सभी सीएसी और प्राचार्यों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना बनाकर शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए सजगता से कार्य करने निर्देशित किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को पात्रता अनुसार विद्यार्थी हितमूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए बिना कोताही बरते ज़िम्मेदारी से कार्य करने निर्देशित किया गया। जर्जर शाला भवनों में दुर्घटनाओं की आशंकाओं के मद्देनजर कक्षाएं संचालित न करने हिदायत दी गई। वीएसके ऐप के माध्यम से अनिवार्य रुप से नियमित उपस्थिति देने आदेश पालन पर जोर दिया। उपलब्धि बढ़ाने/ उत्तरोत्तर प्रगति हेतु बच्चों की ग्रेडिंग या वर्गीकरण करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को प्लान



तैयार कर कार्य करने निर्देशित किया। उन्होंने सीएसी एवं प्राचार्यों में जोश भरते हुए बच्चों की उपलब्धि बढ़ाने समर्पित भाव से उत्कृष्ठ कार्य व्यवहार करने प्रेरित किया। वहीं समय सीमा में शिक्षकों/कर्मचारियों के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने उचित कार्रवाई करने और शिक्षकों को भरपूर सहयोग देने हेतु ब्लॉक अधिकारियों को निर्देशित किया। सरायपाली ब्लॉक के स्कूलों में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी किया।

जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा द्वारा बैठक एजेंडा अनुसार क्रमशः समीक्षा की गई। जिसमें प्रार्थना (7 मिनट 47 सेकंड) आयोजन एवं साउंड सिस्टम उपलब्धता की समीक्षा की गई। वहीं प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों में भाषाई एवं गणितीय दक्षता में पारंगत करने समयसीमा में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतर्क किया। हिंदी, अंग्रेज़ी विषय के विषयवस्तु का धाराप्रवाह पठन सुनिश्चितता, प्राथमिक में बच्चों को 20 एवं मिडिल में 25 तक पहाड़ा ज्ञान तथा गणितीय संक्रियाओं के साधारण सवालों को हल करने कौशल विकसित करने की जरुरत पर बल दिया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने कहा। जिला प्रशासन की पहल लक्ष्य महासमुन्द कार्यक्रम के माध्यम से जिले के पांचवीं के बच्चों को नवोदय चयन, सैनिक स्कूल चयन परीक्षा एवं मिडिल स्कूल के बच्चों को प्रयास चयन परीक्षा, एनएमएमएसई की तैयारी के लिए अनुकूल पाठयक्रम तैयार कर विशेष कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समग्र शिक्षा की योजनाओं की जानकारी देते हुए आवश्यक समीक्षा की गई। सशक्त एमआईएस मॉनिटरिंग सिस्टम के संदर्भ में व्यापक जानकारी दी गई। भवन जानकारी, नियमित अनियमित विद्यार्थी जानकारी रखने की जरूरत पर बल दिया वहीं ड्रॉपबॉक्स से स्टूडेंट्स को शीघ्र इंपोर्ट करने और सभी स्कूलों में विद्यार्थियों की ग्रेडिंगवार डाटा तैयार रखने कहा। अपार आईडी जनरेट करने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने के कार्य में प्रगति लाने कहा। वहीं आधार विहीन स्टूडेंट्स का शीघ्र आधार कार्ड बनवाने सहयोग देने कहा। अपार विहीन स्टूडेंट्स का यदि डाटा त्रुटिपूर्ण है जो सुधार करने योग्य है तो स्कूल से एसओ थ्री फॉर्म भरवाकर बीआरसी कार्यालय में शीघ्र जमा करने कहा। सहायक संचालक प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने समय सीमा में आवश्यक कार्रवाई करने कहा। समीक्षा बैठक में सीएसी एवं प्राचार्यों द्वारा जमीनी स्तर की समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई। डीईओ, डीएमसी, सहायक संचालक, एपीसी का स्वागत सम्मान शिक्षा विभाग द्वारा बीईओ टीसी पटेल, बीआरसीसी डीएन नायक, प्राचार्य मंच संरक्षक/वरिष्ठ प्राचार्य सीएल पुहुप, सेजेस प्राचार्य जीके अरिल्ले, सीएसी संघ अध्यक्ष खिरोद्र सोनी, सीएसी ऋषि प्रधान, स्काउट गाइड संघ पूर्व सचिव हेमंत चौधरी द्वारा किया गया। वहीं छग शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अनिल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष किशोर कुमार रथ एवं पदाधिकारियों द्वारा भी अंगवस्त्र एवं बुके भेंटकर सम्मान किया गया। संचालन यशवंत कुमार चौधरी एवं आभार प्रदर्शन बीईओ टीकमचंद पटेल ने किया।

# कन्या शाला बनेगा स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय, मिली 33.33 लाख की सौगात

## विधायक ने छात्राओं को बांटी सरस्वती साइकिल, शाला विकास के लिए 33.33 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत एक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और प्रथम पूज्य भगवान गणेश के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विद्यालय की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकलों का वितरण किया। सायकल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विधायक ने सभी हितग्राही छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने छात्राओं को सायकल का वितरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा और उनके स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अक्सर दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने-जाने में छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और परिवहन के साधनों की कमी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी, लेकिन अब इस




सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से बेटियों की राह आसान होगी। इस सायकल की मदद से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, उनका बहुमूल्य समय बचेगा और वे बिना किसी परेशानी के पूरी सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के साथ नियमित रूप से स्कूल आ सकेंगी, जिससे उनका भविष्य और अधिक उज्ज्वल तथा सशक्त बनेगा। विधायक ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था और छात्राओं के भविष्य को लेकर एक बड़ी खुशखबरी साझा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं की उच्च स्तरीय शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए, हमारे इस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को 'स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय' के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए मैंने स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विशेष अनुशंसा की थी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने आगे बताया कि इस अनुशंसा के फलस्वरूप शासन द्वारा विद्यालय के विकास कार्यों के लिए 33.33 लाख रुपए की भारी-भरकम राशि स्वीकृत कर दी गई है। यह पूरे बसना क्षेत्र और विशेषकर छात्राओं के लिए बेहद हर्ष और गौरव की बात है। इस बड़ी सौगात के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बेटियों की शिक्षा में दूरी या संसाधनों की कमी आड़े नहीं आएगी। 33.33 लाख रुपए की इस राशि से विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण और स्थानीय छात्राओं को पढ़ाई का एक उत्कृष्ट और प्रतिस्पर्धी माहौल मिल सकेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बसना खुशबू अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन रमेश अग्रवाल, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ सुमित अग्रवाल, डीईओ महासमुंद बीएल देवांगन, डीएमसी रेखराज शर्मा, प्राचार्य कन्या शाला बसना एन के पंडा, प्राचार्य अंकोरी यजराम सिदार, एडीईओ बसना लखेश्वर कंवर, बीआरसी बसना अनिल साव,प्रधानपाठक कन्या शाला राजकुमारी गुप्ता, प्राचार्य सेजेस बसना गिरिजा साहू, व्याख्याता सतीश बेहरा, मंच संचालन मनोहर पटेल, एपीसी महासमुंद संपा बोस, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, कोषाध्यक्ष भाजपा अमृत चौधरी, जनपद सभापति प्रतिनिधि अरुण साहू, विजय पटेल, सहायक संचालक महासमुंद प्रकाशचंद्र मांझी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक और बड़ी संख्या में छात्राएं व पालकगण मौजूद रहे।



## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय समिति में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत मनोनीत सदस्य

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) को राष्ट्रीय वयस्क स्काउटिंग एवं गाइडिंग समिति में विशेष सदस्य के रूप मनोनित किया गया है। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय समिति के लिए मनोनीत किए जाने पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि इंद्रजीत सिंह खालसा का राष्ट्रीय समिति में मनोनयन होना उनके दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता तथा स्काउट-गाइड आंदोलन के प्रति लंबे समय से दिए जा रहे समर्पित योगदान के लिए एक सम्मान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश में स्काउट-गाइड आंदोलन को नई दिशा, ऊर्जा एवं सशक्त नेतृत्व प्राप्त होगा। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) के नेतृत्व में स्काउट-गाइड आंदोलन सेवा, संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के अपने उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक रूप से आगे बढ़ाएगा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद टीम से जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष सौरिन चंद्रसेन, आनंद साहू, रमशिला दास, अशोक अग्रवाल, सुधा साहू, जिला सलाहकार दाऊलाल चंद्राकर, शीत गुप्ता ब्लाक अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन पदेन जिला आयुक्त स्काउट, अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, विद्या साहू सहा संचा, अंजलि बरमाल सहा जिला क्रीडा अधिकारी, मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, प्राचार्य तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी, प्राचार्य भारत सिंह साहू, हीना ढालेन एबीओ, बद्री विशाल जोल्हे एबीओ, शैलेंद्र नायक जिला कोषाध्यक्ष, जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष साहू, लिलीमा साहू, राजीव तिवारी जिला सहसचिव, जिला संगठन आयुक्त लीनू चंद्राकर तथा शत्रुहन साहू सहित समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



## कांग्रेसियों ने किया महंत व साहू का स्वागत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के महासमुंद जिला आगमन के दौरान तुमगांव स्थित ज्ञानी ढाबा के पास आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला, शहर उपाध्यक्ष तुलसी साहू एवं शहर महामंत्री निर्मल जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर आगमन पर नेता प्रतिपक्ष महंत का स्वागत



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के सरायपाली आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। डॉ महंत ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत एवं कर्मठ समर्पित होकर कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया और भविष्य में कांग्रेस का वर्तमान और भविष्य में क्षेत्र में कांग्रेस का वर्तमान जैसा वर्चस्व बना बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए आह्वान किया।
इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खलारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, क्षेत्रीय विधायक चतुरी नंद,अमरजीत चावला पूर्व प्रदेश महामंत्री, पूर्व विधायक संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर उपस्थित थे। स्वागत करने वालों में नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश महामंत्री छग प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, मोहनलाल भोई जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, कमल अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, राजेंद्र कुमार यादव राजू महामंत्री जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, मयंक यादव मोंटी पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, परशु चौहान, छतर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा झलप मंडल में पदाधिकारियों की नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के निर्देशानुसार महासमुंद भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अमन वर्मा एवं भाजपा झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर की अनुशंसा से युवा मोर्चा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने पदाधिकारियों का गठन किया गया। इसमें पुरुषोत्तम साहू अध्यक्ष, धरम सिन्हा महामंत्री, लक्ष्मीकांत साहू महामंत्री, कौशल साहू उपाध्यक्ष, घनश्याम सेन उपाध्यक्ष, रामप्रसाद पटेल उपाध्यक्ष, रमाकांत शुक्ला उपाध्यक्ष, मेघनाथ साहू कोषाध्यक्ष, त्रिलोक यादव मंत्री, टिकेश्वर सिन्हा मंत्री, पिंटू पटेल मंत्री, अजय दीवान मंत्री, डोंगरसिंग यादव मीडिया प्रभारी, लमकेश्वर साहू को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, महामंत्री राकेश साहू, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह सलूजा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष रामेश्वर गब्बर साहू, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष तुका राम कोसरे, पूर्व अजा जाति के अध्यक्ष जगदीश चौहान, किसान मोर्चा महामंत्री धनेश साहू, किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी मधुकांत शुक्ला, अजा मोर्चा के उपध्याक्ष मानसिंग, महेश्वरी, प्रेम, यादव, अजय चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

# अब हर शहर की होगी अलग डिजास्टर अथॉरिटी, आपदा के समय मौके पर ही होंगे फैसले

## नगर निगम आयुक्त होंगे अध्यक्ष, कलेक्टर उपाध्यक्ष, एसपी भी होंगे शामिल, बाढ़, आग, लू और औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए बनेगी अलग कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच शहरों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही प्राधिकरण की संरचना, शक्तियां, दायित्व, वित्तीय व्यवस्था तथा शहरी आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इस प्राधिकरण में संबंधित नगर निगम के आयुक्त पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित अपर कलेक्टर पदेन उपाध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नगर तथा ग्राम निवेश, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी प्राधिकरण के सदस्य होंगे। इसका उद्देश्य किसी भी शहरी आपदा के दौरान विभिन्न विभागों के बीच त्वरित और प्रभावी समन्वय स्थापित करना है।*

### जोखिम का डेटाबेस तैयार होगा

प्राधिकरण को शहर स्तर पर आपदा जोखिम, संवेदनशील क्षेत्रों, महत्वपूर्ण अधोसंरचना, आपातकालीन संसाधनों तथा अन्य आवश्यक आंकड़ों का डेटाबेस तैयार करने और उसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अपडेट रखने की जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी राज्य और राष्ट्रीय आपदा डेटाबेस का भी हिस्सा बनेगी।



### शहरों के लिए बनेगी अलग आपदा प्रबंधन योजना

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अलग शहरी आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाएगी। इसमें जोखिम आकलन, बहु-जोखिम (मल्टी-हैजार्ड) विश्लेषण, रोकथाम, शमन, पूर्व तैयारी, राहत, पुनर्वास, पुनर्निर्माण, वित्तीय प्रबंधन और निगरानी को शामिल किया जाएगा। उभरते जोखिमों तथा शहरी अधोसंरचना में होने वाले बदलावों के अनुसार इस योजना को समय-समय पर अपडेट भी किया जाएगा।

### नियमित मॉक ड्रिल और जन जागरूकता अभियान

नगर निगमों को नियमित मॉक ड्रिल, क्षमता विकास कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियान आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम, जिला प्रशासन और अन्य विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर तैयारी की समीक्षा की जाएगी तथा समय-समय पर राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अनुपालन रिपोर्ट भेजनी होगी।

### आपात स्थिति में जारी हो सकेगा स्थानीय निर्देश

शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को आपातकालीन परिस्थितियों में जन-जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्देश जारी करने का अधिकार दिया गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी निर्देशों का उल्लंघन, बाधा उत्पन्न करने, झूठे दावे करने अथवा कर्तव्य की उपेक्षा करने पर अधिनियम की धारा 51 से 60 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

### बाढ़, लू, आग और औद्योगिक जोखिम पर विशेष फोकस

आदेश में प्राधिकरण को शहरी बाढ़, लू, अग्नि सुरक्षा तथा औद्योगिक जोखिम जैसे विषयों के लिए अलग उपसमितियां अथवा कार्य समूह गठित करने का अधिकार भी दिया गया है। आपदा की स्थिति में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवकों, एसडीआरएफ तथा अन्य विशेष एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का समन्वय भी यही प्राधिकरण करेगा।

### कई योजनाओं के संसाधनों का होगा उपयोग

शहरी आपदा प्रबंधन के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अलावा नगर निगमों के वित्तीय संसाधनों, राज्य वित्त आयोग के अनुदान, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकेगा।

### राष्ट्रीय और राज्य योजनाओं से रहेगा समन्वय

अब शहरी आपदा प्रबंधन योजना राष्ट्रीय तथा राज्य आपदा प्रबंधन योजनाओं के अनुरूप तैयार होगी। इसमें शहरी अधोसंरचना, आवश्यक सेवाओं, जनसंख्या घनत्व और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को विशेष महत्व दिया जाएगा। राज्य प्राधिकरण की मंजूरी के बाद योजना राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी भेजी जाएगी तथा इसके क्रियान्वयन की निगरानी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संबंधित विभागों के साथ मिलकर की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## दुकान लगाने के नाम पर दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** एफसीआई के सामने दुकान लगाने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एफसीआई के सामने चाय दुकान प्रार्थी चंचल सोनवानी, पुष्पा सोनवानी और उसकी मां उर्मिला सोनवानी चाय दुकान लगाते हैं। 10 जुलाई को उनकी जगह पर महेश जगत दुकान लगा रहा था, जब, उसे दुकान लगाने से उन्होंने मना किया तब महेश और उसके परिवार के लोग मिलकर प्रार्थी, उसकी बहन और मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इधर दूसरे पक्ष की पूनम जगत ने बताया कि 10 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी बहन जसवंती जगत के साथ एफसीआई के सामने खाली जगह में मोमोस का दुकान लगा रहे थे, उसी समय पुष्पा सोनवानी एवं उसकी मां वहां पर आ गये और कहने कि यहां पर हम लोग दुकान लगाते हैं कहकर गाली गलौच करने लगे,जब गाली गलौज करने से मना किया तो हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, इस दौरान बीच बचाव करने आए भाई प्रियांशु जगत के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## अर्जुनी करिया धुरवा में हुआ एक जोड़े का विवाह



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अर्जुनी में निर्धन कन्या विवाह के तहत छत्तीसगढ़ फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के विश्वकर्मा मंदिर अर्जुनी करिया धुरवा में श्रवण कुमार विश्वकर्मा एवं बुद्धेश्वरी का विवाह हुआ। श्रवण विश्वकर्मा मराजी अर्जुनी से हैं और बुद्धेश्वरी विश्वकर्मा सरायपाली पिथौरा के बरतुंगा के 18 सर्कल के सोनूराम विश्वकर्मा की नातिन है। इस शादी समारोह में लोगों ने आकर नवदंपति को उनके गृहस्थ जीवन के लिए भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना कर उनके मंगल कामना कर आशीर्वाद दिए। इस खुशी के पल में छत्तीसगढ़ फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवलाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष बेदराम विश्वकर्मा, संचालक विणाप्रसाद जगत, मुख्य सचिव रामदलारे विश्वकर्मा, भागीरथी विश्वकर्मा, अनुसर विश्वकर्मा और छत्तीसगढ़ फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के बहुत से लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने भोजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भोजनाथ देवांगन को भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हर्ष जताया है।

देवांगन लंबे समय से भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी संगठन क्षमता, जनसंपर्क और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिले में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से



पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

भोजनाथ देवांगन की नियुक्ति पर मदन देवांगन, पवन सराफ, कृष्णानंद दुबे, लालचंद जैन, नरेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, सुशील कांति पटेल, संजय मालवे, महेश हरपाल, रवि सेन, लितेश परमार, प्रेम साहू, रूपेश साहू, दुबेलाल साहू, आबिद कुरैशी, हरि चंद्राकर, हरमीत बग्गा, नरेश जैन, अरिहंत जैन, सागर चंद्राकर, शहर मंडल महामंत्री अतुल गंडेचा, तुकाराम चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, बाला चंद्राकर, धरम दीवान, चंद्रशेखर ध्रुव, राहुल अग्रवाल, योगेश चिंदा, सुरेश महंती, मेघु चंद्राकर, अनीता अजीत टांडी, लोकेश्वर चंद्राकर, धनराज साहू, दुर्गा वस्त्रकार, मोती पुजारा, आशीष गणत्रा, महेंद्र गुप्ता, अमिताभ जैन, जुगरु देवांगन, आशीष पांडेय, संदीप गुप्ता, नीरज मानिकपुरी, शिवा साहू, सुमित बघेल सहित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि भोजनाथ देवांगन अपने अनुभव, कुशल नेतृत्व और संगठनात्मक दक्षता के बल पर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल होंगे।

भोजनाथ ने सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद जिला अध्यक्ष येतराम साहू, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अलका चंद्राकर, बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव एवं हेमंत तिवारी का आभार व्यक्त किया। भोजनाथ को भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर जिलेभर से बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है।

# मानसूनी बारिश हफ्तेभर से थमी, गर्मी एवं उमस से लोग परेशान

**नर्रा।** मानसून की शुरुआती दस्तक के बाद क्षेत्र में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। पिछले एक सप्ताह से बारिश पूरी तरह से थम जाने के कारण तेज धूप और उमस से आम जनजीवन बेहाल हो गया है। इस बदलते मौसम और धूप का असर कृषि कार्यों पर पड़ रहा है। अब क्षेत्र के अन्नदाताओं को बारिश की दरकार है।

गौरतलब है कि शुरुआती मानसूनी फुहारों को देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने खेतों में खरीफ फसलों की बुआई का काम चल रहा है। लेकिन, बुआई के तुरंत बाद मौसम साफ होने और लगातार तेज धूप निकलने के कारण खेतों की नमी तेजी से सूखने लगी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बोए गए बीजों के सफल और सही तरीके से अंकुरण (उगने) के लिए इस समय जमीन में पर्याप्त नमी का होना बेहद अनिवार्य है। यदि आगामी दो से तीन दिनों के भीतर क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं होती है, तो बीजों के जमीन के भीतर ही झुलस या नष्ट होने की आशंका बढ़ जाएगी। ऐसी स्थिति में किसानों के सामने दोबारा बुआई का एक बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है, जिससे लागत दोगुनी हो जाएगी। वर्तमान में स्थिति यह है कि आसमान में धूप छांव का दौर जारी है। जिन किसानों के पास निजी सिंचाई साधन (ट्यूबवेल या पंप) उपलब्ध हैं, वे किसान रोपाई कार्य मे जुट गए हैं। परंतु, क्षेत्र के अधिकांश सीमांत और गरीब किसान पूरी तरह से प्रकृति और मानसूनी बारिश के भरोसे हैं। किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## जिला न्यायाधीश ने किया मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत

**महासमुंद ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मुख्य न्यायाधिपति का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। न्यायमूर्ति ने पेपरलेस प्रणाली पर बल देते हुए पेपर लेस कोर्ट का निरीक्षण भी किया। जिला अधिवक्ता संघ से मुलाक़ात के दौरान उन्होंने बार एवं बेंच के मध्य आपसी सामंज्यस स्थापित करने की बात कही। ताकि, आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। मुख्य न्यायाधीश द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के उपरांत न्यायपालिका के आधारभूत ढाँचे के समग्र विकास, आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में न्यायिक अधोसंरचना के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण एवं जनोन्मुखी पहल की गई हैं, जिनके परिणामस्वरूप न्यायालयीन भवनों के निर्माण एवं उन्नयन, न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा न्यायालय परिसरों के समग्र विकास को नई गति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर जॉइंट रजिस्ट्रार-कम-प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी एमवी एलएन सुब्रमण्यम तथा प्रोटोकॉल अधिकारी रविंदर सिंह नेगी भी उपस्थित रहे।

# बेलसोंडा के किसानों की समस्याओं को लेकर हुलसी ने एनएचएआई को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा के किसान इन दिनों जलभराव और फसल बर्बादी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके स्थायी समाधान के लिए जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने एक बार फिर पूरी संवेदनशीलता के साथ मोर्चा संभाला है। इस क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी चल रहा है।

इस बीच हुलसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर इस बात पर विशेष जोर दिया कि क्षेत्र के समीप जल निकासी (ड्रेनेज) की उचित व्यवस्था न होने से वर्षा का पानी





सीधे किसानों के खेतों में जमा हो रहा है, जिससे धान की फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो रही है और अन्नदाता हर वर्ष आर्थिक संकट झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल स्थल निरीक्षण कर एक सुदृढ़ ड्रेनेज सिस्टम सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस विकट समस्या को चंद्राकर ने पिछले वर्ष भी पूरी प्रमुखता के साथ प्रशासन के समक्ष उठाया था, जिसे अब वे पूर्ण समाधान तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# होलीफेथ स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों का आत्मीय स्वागत सत्कार मिष्ठान्न वितरण से किया गया। प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में उत्साह व ऊर्जा संचार तथा संस्कार बोध कराना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, समिति के कोषाध्यक्ष कविता पींचा, समिति सदस्य उमेश लूनिया, दिलीप बोथरा, किशोर शुक्ला एवं विद्यालय की प्राचार्य शर्वरी पींचा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, आरती, वंदन एवं माल्यार्पण कर किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का चंदन तिलक लगाकर पुष्प न्योछावर कर आत्मीय स्वागत किए गए। तत्पश्चात उद्बोधन की कड़ी में चेयरमैन ने अपने वक्तव्य में बच्चों को शाला के नियम, अनुशासन, विविध गतिविधियों, मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही चिंतन, मनन तल्लीनता से अध्यापन करने, सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किए। प्राचार्य शर्वरी पींचा ने बच्चों को नियमित स्कूल आने, जीवन में निरंतर आगे बढ़ने एवं तारों सामान प्रकाशित होने की संज्ञा दिए। शिक्षक प्रीतपाल सिंग ने मोटिवेशनल स्पीच प्रस्तुत किया। हास्य कार्टून परिधान धारित बच्चों ने नयनाभिराम, भाव अभिनय से मनोरंजन कर प्रोगाम में चार चांद लगा दिए। संकेतक नृत्य, गेम, माथे पर उपयुक्त स्थान पर बिंदी लगाओ रोल प्ले आदि गेमों का आनंद लेकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। कार्यक्रम में संयोजक वरिष्ठ शिक्षक जयेश जैन एवं सहभागी शिक्षिका खेम चंद्राकर, डायना, अनिशा यद्धु, अंजलि मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ शिक्षिका पूजा कामदार व खेम चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षिका ललिता चंद्राकर ने किया।

# नपाध्यक्ष के निर्देश पर जल शुद्धिकरण संयंत्र में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

## नागरिकों को मिलेगा शुद्ध पेयजल, पालिकाध्यक्ष साहू ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष पहल पर वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर के जल शुद्धिकरण संयंत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बरसात के कारण जलस्त्रोतों में गाद, मिट्टी और अन्य अवांछित पदार्थों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे संयंत्र के टैंकों, फिल्टर यूनिटों और अन्य प्रमुख भागों में भारी मात्रा में गाद जमा हो जाती है। इसी को देखते हुए संयंत्र की कार्यक्षमता बनाए रखने और नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर प्रतिवर्ष बरसात से पूर्व और बरसात के दौरान इस प्रकार का विशेष



सफाई अभियान चलाने की परंपरा शुरू की गई है। उनके अध्यक्ष बनने के बाद से जल शुद्धिकरण संयंत्र की नियमित और लगातार सफाई सुनिश्चित की जा रही है। इस बार भी उनके विशेष मार्गदर्शन में संयंत्र के सभी टैंकों से गाद निकाली जा रही है, फिल्टर यूनिटों का गहन रखरखाव किया जा रहा है तथा आवश्यक तकनीकी सुधार के कार्य भी साथ-साथ पूर्ण किए जा रहे हैं। साहू का मानना है कि केवल नए संसाधन ही नहीं बल्कि मौजूदा संसाधनों का समय पर रखरखाव भी नागरिकों को बेहतर सेवा देने की कुंजी है। इसी सोच के साथ संयंत्र की क्षमता बढ़ाने और जल की शुद्धता को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

सफाई कार्य के कारण नगर में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हुई है। इस असुविधा के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नागरिकों से खेद व्यक्त किया है और उनसे सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर यह कार्य किया जा रहा है। सफाई कार्य पूर्ण होते ही नियमित जल आपूर्ति पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी। साहू ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य महासमुंद के प्रत्येक घर तक सुध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। इसके लिए भविष्य में भी समय-समय पर संयंत्रों की जांच, सफाई और तकनीकी उन्नयन का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## महंत से मिला मानिकपुरी पनका समाज वर्षों पुरानी मांग को फिर दी आवाज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के एक दिवसीय महासमुंद प्रवास के दौरान बसना नगर के सरायपाली बायपास पर मुलाकात कर मानिकपुरी पनका समाज ने अपनी वर्षों पुरानी मांग को प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष सेवकदास दीवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पनका समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को मजबूती से उनके समक्ष रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पनका समाज लंबे समय से अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने की मांग करता आ रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका है। समाज का मानना है कि इस मांग के पूरा होने से हजारों परिवारों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। समाजजनों ने नेता प्रतिपक्ष से इस विषय को विधानसभा एवं शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का आग्रह किया। डॉ. चरणदास महंत ने समाज के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और उनकी मांग को न्यायोचित बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि समाजहित और जनहित से जुड़े मुद्दों को उचित मंच पर प्रभावी ढंग से उठाना उनकी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष गजानंद दास, सभापति शौकीदास, उपाध्यक्ष गोरेलाल, सचिव विजय दास, टीकमदास, जगदीश दास, गुणसागर, संजय दास, प्रकाश दास, घसिया दास, डिगंबर दास, धर्मेंद्र, बलराम, महादेव, संतकुमार, देवालदास, संतोष, सहनीदास, वृंदादास, प्रेमदास, कुममतदास, मेमलाल, गुरविंद, मनोहर, भगतराम, दरसराम, शिवरतन, राजूदास, गौरीशंकर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी देशराज दास ने दी।

## महिला को बेइज्जत करने का प्रयास, दो वर्ष का कारावास

**सरायपाली।** एक महिला के घर जबरन घुसकर उसे बेइज्जत करने का प्रयास करने के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वैभव घृतलहरे द्वारा आरोपी को 2 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन से मिली जानकारी अनुसार घटना दिनांक 17 मई 2020 को रात्रि 9.30 बजे प्रार्थिया के घर में घुसकर जागेश्वर उर्फ जग्गू पिता राजकुमार चंद्रा निवासी ग्राम झालपाली ने प्रार्थिया का हाथ-बांह पकड़कर उसे बेइज्जत करने का प्रयास किया। प्रार्थिया के लिखित बयान पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 456, 354 एवं 506 (भाग दो) भा.द.सं. के अनुसार अपराध कायम कर विवेचना में लिया था। पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभयोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में मामले के संपूर्ण विचारण के उपरांत दोषसिद्ध पाये जाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव घृतलहरे द्वारा आरोपी को धारा 456 एवं 354 में एक-एक वर्ष के साधारण कारावास तथा एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जबकि धारा 506 से दोषमुक्त किया गया है।

## रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में अंतर सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, ज़ोडिएक और ओरियन हाउस का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतर सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम



भावना और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया। पूरे विद्यालय में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों के साथ-साथ शिक्षक एवं विद्यार्थी भी अपनी-अपनी हाउस टीमों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले अत्यंत संघर्षपूर्ण रहे। खिलाड़ियों ने तेज़ गति, बेहतरीन तालमेल, सटीक पासिंग और शानदार रणनीति का प्रदर्शन करते हुए खेल को रोमांचक बना दिया। मैदान पर खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला।

प्रतियोगिता में कक्षा 6–8 बालक वर्ग में ज़ोडिएक हाउस विजेता रहा, कक्षा 6 -8 बालिका वर्ग में हरक्यूलिस हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, कक्षा 9–12 बालक वर्ग में ओरियन हाउस ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया एवं कक्षा 9–12 बालिका वर्ग में ज़ोडिएक हाउस ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने न केवल अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। विजेता टीमों की सफलता पर पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा।

समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और सहयोग की भावना विकसित होती है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने विजेता टीमों की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के खेल विभाग, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता का समापन विजेता टीमों के सम्मान, उत्साहपूर्ण तालियों और खेल भावना के संदेश के साथ हुआ।



## खबर संक्षेप



### टोंगोपानीकला में धूमधाम मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानीकला के मां शीतला माता मंदिर में गुरुवार को शीतला जुड़वास उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा अनुसार बैगा पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा अर्चना की। इस दिन सुबह से ही शीतला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुजारियों ने श्रद्धालुओं पर नीम के पत्ते से हल्दी युक्त जल से छिड़काव किया, जिसे स्थानीय भाषा में ठंडाई कह जाता है। मान्यता है कि इससे रोग दूर होते हैं और घर में सुख-शांति समृद्धि आती है। शीतला माता मंदिर समिति ने बताया कि हर साल आषाढ़ मास में माता पहुंचनी उत्सव बड़े धूमधाम किया जाता है। भक्तों की आस्था और सहयोग से यह पर्व सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

### मरार पटेल समाज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार पटेल समाज जिला महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक 12 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे से समाजिक भवन मे आयोजित किया गया है। बैठक में आय-व्यय की जानकारी तथा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन संबधित चर्चा के अलावा समाजिक विकास पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक इस बैठक शामिल होंगे। जिसमें समाज द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा। इस बैठक में राज अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




# वेलफेयर ऑफिसर ने पूर्व सैनिकों से की मुलाकात विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### खरोरा शहीद स्मारक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुई बैठक, वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रायपुर से आए वेलफेयर ऑफिसर से सौजन्य मुलाकात की।

खरोरा स्थित शहीद स्मारक में आयोजित इस बैठक में 287 फील्ड रेजीमेंट से सेवानिवृत्त ऑनरी सूबेदार मेजर व वेलफेयर ऑफिसर दिलीप कुमार सोनी ने पूर्व सैनिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं को सुना। सर्वप्रथम राष्ट्रगान की धुन के साथ वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात वेलफेयर ऑफिसर सोनी ने अपनी पदस्थापना के अनुभव साझा करते हुए पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिसमें मुख्य रूप से पेनुरी (अति निर्धनता) अनुदान और चिकित्सा अनुदान, पुत्री विवाह एवं विधवा पुनर्विवाह के लिए अनुदान तथा अनाथ बच्चों के लिए विशेष अनुदान, पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, शैक्षणिक आरक्षण और होम लोन पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (रीइंबर्समेंट) की सुविधा। वेलफेयर ऑफिसर सोनी ने आश्वस्त किया कि सैनिक कल्याण बोर्ड रायपुर द्वारा पूर्व सैनिकों की किसी भी समस्या का त्वरित निवारण किया जाएगा और उन्हें हर संभव सहयोग दिया जाएगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने वेलफेयर ऑफिसर का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने शहीद स्मारक के विस्तार, सुंदरीकरण और सुरक्षा व्यवस्था में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए बोर्ड से सहयोग की मांग की। चंद्राकर ने कहा कि शहीद स्मारक एक ऐसा पवित्र स्थान है, जहां आकर आम जनमानस का मन देशप्रेम और राष्ट्रीयता की भावना से भर उठता है, इसलिए इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के सभी सम्मानीय सदस्य, पदाधिकारी एवं सैन्य मातृशक्ति (वीर नारियां व पूर्व सैनिकों के परिवारजन) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पहल : दिव्यांग युवक की मदद के लिए आगे आए खल्लारी विधायक

# विधायक ने बैटरी ट्राइसाइकिल दिलाने अधिकारियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर के वार्ड क्रमांक 13 फुलवारी पारा निवासी किशोर बघेल ने खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव से आर्थिक सहायता की मांग की है। किशोर बघेल ने आवेदन के माध्यम से बताया कि दिसंबर 2024 में गैंगरीन की गंभीर बीमारी के कारण उनके दोनों पैरों को घुटनों के ऊपर से काटना पड़ा, जिसके बाद से वे दिव्यांगता और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इलाज में काफी धनराशि खर्च हो चुकी है और वर्तमान में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उनके परिवार में पत्नी और एक छोटा बच्चा है, जिनकी जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किशोर बघेल को



शासन की योजनाओं के तहत बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी दैनिक जरूरतों को आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक यादव ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना उनकी प्राथमिकता है और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।

#### स्वेच्छानुदान राशि के लिए भेजा अनुशंसा पत्र

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किशोर बघेल की गंभीर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्वेच्छानुदान राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है। अपने पत्र में विधायक ने उल्लेख किया है कि गैंगरीन के कारण किशोर बघेल के दोनों पैर घुटनों के ऊपर से काटने पड़े हैं, जिसके चलते वे कार्य करने में असमर्थ हैं और परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विधायक यादव ने मुख्यमंत्री से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए किशोर बघेल को स्वेच्छानुदान राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

## जिला पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर विधायक ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**महासमुंद।** क्षेत्र के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को जिला पंचायत सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं एवं आमजन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक सिन्हा ने जिला पंचायत सदस्यों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी प्रस्तावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक सिन्हा ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत सदस्यों से क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर अवगत कराने कहा, ताकि उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को विधायक के समक्ष रखा तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए सुझाव दिए। विधायक ने सभी सुझावों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत सदस्य नैन पटेल, जगमोती भोई, कुमारी भास्कर, देवती दीवान, रामदुलारी सिन्हा, देवकी पटेल, लोकनाथ बारी, सीमा नायक उपस्थित थे।

# रिवरडेल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक सिरपुर का हेरिटेज वॉक

## विद्यार्थियों ने इतिहास और संस्कृति को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 6 से 8 के



विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं सामुदायिक अधिगम कार्यक्रम के अंतर्गत ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का हेरिटेज वॉक किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन इतिहास एवं पुरातात्विक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था।

हेरिटेज वॉक के दौरान विद्यार्थियों ने सिरपुर स्थित विभिन्न ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण किया। विशेषज्ञ गाइड एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने प्राचीन मंदिरों, बौद्ध विहारों, शिलालेखों तथा ऐतिहासिक अवशेषों का अवलोकन करते हुए उनके निर्माण, ऐतिहासिक महत्व एवं सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और इतिहास से जुड़े अनेक रोचक तथ्यों को जाना। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विरासत संरक्षण, भारतीय संस्कृति तथा प्राचीन स्थापत्य कला के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा प्रकृति एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझा। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन में सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि हेरिटेज वॉक जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में इतिहास, संस्कृति और विरासत के प्रति सम्मान एवं जागरुकता विकसित करने के साथ-साथ उनकी जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह हेरिटेज वॉक विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुई, जहां उन्होंने सीखने के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक धरोहर को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया।

# टीईटी मुद्दे पर सांसद-शिक्षक संवाद आज और फेडरेशन का राज्य स्तरीय आंदोलन 15 को

## सात सूत्रीय मांग को लेकर छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकल्प पत्र में शामिल मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने सहित सात सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा राज्य स्तर पर एक दिवसीय आंदोलन 15 जुलाई 2026 को रायपुर में किया जा रहा है। साथ ही टीईटी मुद्दे को लेकर शिक्षकों का सीधा संवाद सांसद रुपकुमारी चौधरी से हो सके, इस उद्देश्य से 12 जुलाई 2026 को शंकराचार्य भवन महासमुंद में सांसद शिक्षक संवाद कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला महासमुंद की वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सात सूत्रीय मांग संकल्प पत्र में शामिल सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना, टीईटी की अनिवार्यता में 2010 तक के शिक्षकों को शिथिलता देते हुए शेष के लिए विभागीय परीक्षा के आयोजन, वीएसके एप में नेटवर्क की समस्या के निराकरण, एकल शिक्षकीय विद्यालय में शिक्षकों का अध्यापन के लिए प्रबंध करना, आरटीई कानून के तहत गैर शिक्षकीय कार्य से पृथक रखना सहित सात सूत्रीय मांग को लेकर 7 से 13 जुलाई तक सांसद विधायक से समर्थन पत्र जारी करने का निवेदन करते हुए ज्ञापन सौंपना एवं 15 जुलाई को राज्य स्तरीय एक दिवसीय आंदोलन के आयोजन में शामिल होने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला के प्रत्येक संकुल से कम से कम एक गाड़ी निकलेगी। इसके अलावा 12 जुलाई सांसद शिक्षक संवाद और 15 जुलाई एक दिवसीय आंदोलन के सघन प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा हुई। सदस्यता अभियान की सूची त्वरित जारी करने का निर्णय गया।



बैठक में जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि प्रान्त के आह्वान पर सभी लंबित मांगों पर समीक्षा कर सात सूत्रीय मांग तय कर संघर्ष के लिए बिगुल फूंक दिए हैं। संगठन के सभी सदस्यगण इस मुहिम को सफल बनाने में सभी की महती भूमिका की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक शिक्षा विभाग में 20 से लेकर 25 साल सेवा देते आ रहे है जिनका 5 से 8 साल मुश्किल से बचा है, ऐसे लोगों को टीईटी उत्तीर्ण नहीं होने पर सेवा समाप्त करना न्याय उचित नहीं है। इस पर शिक्षक कैसे मानसिक रूप से परेशान है आदि बातों को शिक्षक सीधा सांसद से संवाद कर सके, के उद्देश्य से सांसद शिक्षक संवाद कार्यक्रम 12 जुलाई को रखा गया है। आंदोलन के लिए प्रान्त से नियुक्त जिला प्रभारी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक ने बैठक को संबोधित करते हुए सात सूत्रीय शिक्षकों की मांग और शिक्षकों के संघर्ष के लिए संकल्पित होने की बात रखते हुए सभी शिक्षकों को 15 जुलाई के आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक किस स्थिति से गुजर रहा है और सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों को वेतन विसंगति, पूर्व सेवा की गणना नहीं करने से किस प्रकार शोषित ठगा हुआ महसूस कर रहे है। पश्चात समस्त प्रांतीय पदाधिकारी आदित्य गौरव साहू, राजाराम पटेल, दिनेश नायक, प्रदीप पटेल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोज राय, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपाली वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय बाबूलाल ध्रुव महासमुंद, प्रकाश बघेल बागबाहरा, शरण दास बसना, गणेश चौहान सरायपाली कमलेश नायक पिथौरा, जिला संरक्षक बीपी मेश्राम, महेंद्र बघेल, बलराम नेताम, जिला मीडिया प्रभारी अमित उइके आदि ने ने लंबित मांगों और शिक्षकों की स्थिति पर विस्तारपूर्वक बात रखते हुए 12 जुलाई और 15 जुलाई के कार्यक्रम को किस प्रकार सफल बनाना है पर विचार साझा किया गया। इस जिला बैठक का संचालन विनय यादव जिला सचिव व आभार प्रदर्शन दिल प्रसाद कोषाध्यक्ष ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी सीमा यादव, लता बंजारे, मीरा ठाकुर, डिकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रेम नारायण चंद्राकर, भूपेंद्र दीवान, सार्वेंद्र महानदिया, भूपेंद्र सिंह नेताम आदि जुड़े रहे।

### सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

# छात्रों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल खल्लारी का प्रथम स्थापना दिवस समारोह विद्यालय परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता व डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। पश्चात अतिथियों व विद्यालय परिवार ने केक काट कर आयोजन को धूमधाम से मनाया। जहां विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। देशभक्ति, लोक संस्कृति एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित प्रस्तुतियों को पालक व अन्य सभी स्कूली बच्चों ने खूब सराहा। आयोजन के दौरान विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बेदराम मनहरे थे। वहीं अध्यक्षता महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर,




विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सहसचिव दिनेश बंजारे, विशेष अतिथि स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोमनाथ टोंडेकर, ग्राम पंचायत झारा के सरपंच चन्द्रकला जांगड़े, ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के प्राचार्या सविता चंद्राकर, व्याख्याता सुमन चंद्राकर, कन्हारपुरी के सरपंच प्रतिनिधि दुर्गेश दीवान, पंच मोगेश पांडेय, खल्लारी व्यवसायी मनहरण गुप्ता, पंच प्रतिनिधि माखन यादव, ग्रामीण रेशम चक्रधारी, गंगा मिर्चे आदि थे।

मुख्य अतिथि मनहरे ने अपने उद्बोधन में यह संस्थान शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों का महत्वपूर्ण स्थानों में से है। वहीं स्कूली बच्चों का प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश बंजारे, खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू, प्राचार्या सविता चंद्राकर, स्कूल समिति अध्यक्ष सोमनाथ टोंडेकर, व्याख्याता सुमन चंद्राकर आदि ने भी संबोधित किया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षिका निशा चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन स्कूल के संस्थापक व संचालक विजय कुमार मिर्चे ने किया। इस अवसर पर निशा चंद्राकर, उर्मिला पटेल, जागृति यादव, युक्ति सेन, श्रवण सिन्हा, पूनम चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, दुर्गेश्वरी ओगरे, मायावती निषाद, अजय कुमार मिर्चे, टीकम जांगड़े, सौरभ, संपत व स्कूली बच्चे सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

